गौ माता को 'राष्ट्र माता' बनाने की हुंकार

- 27 जुलाई को कलेक्टर को सौंपा जाएगा
- 32 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

नव भारत न्यूज

रतलाम। गौ माता को संवैधानिक रूप से 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। देशव्यापी 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत 27 जुलाई को जिलेभर के संतों, गौभक्तों और सामाजिक संगठनों की मौजूदगी में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम 32 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा जाएगा। अभियान से जुड़े संतों का कहना है कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए 27 अक्टूबर को राजधानी में भी ज्ञापन दिया जाएगा।

रतलाम में आयोजित प्रेस वार्ता में क्रांतिकारी संत स्वामी गौशरणानंद सरस्वती जी महाराज ने अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि गौ माता केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि व्यवस्था की आधारशिला हैं। इसलिए उन्हें संवैधानिक रूप से 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि इससे पहले 27 अप्रैल को भी प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया था। तीन महीने तक मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं होने के बाद अब दूसरे चरण का अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत 27 जुलाई को रतलाम में संगठित प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा जाएगा, जबकि आगे की रणनीति के तहत 27 अक्टूबर को राजधानी में भी आंदोलन की आवाज बुलंद की जाएगी।

अभियान के तहत प्रस्तुत किए जाने वाले 32 सूत्रीय मांग पत्र में गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने, पूरे देश में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए कठोर केंद्रीय कानून बनाने, प्रत्येक जिले में आधुनिक गौ अभयारण्य और गौ-चिकित्सालय स्थापित करने सहित गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और स्वावलंबन से जुड़ी कई मांगें शामिल हैं।

स्वामी गौशरणानंद सरस्वती जी महाराज ने स्पष्ट किया कि यह किसी राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं है। उनका कहना था कि यह अभियान भारतीय संस्कृति, परंपरा और गौ संरक्षण से जुड़े प्रत्येक नागरिक का अभियान है। उन्होंने जिले के साधु-संतों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, मातृशक्ति और गौसेवकों से 27 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अभियान को सफल बनाने की अपील की।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की पहली परिचयात्मक बैठक में आगामी रणनीति पर किया मंथन

नव भारत न्यूज

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जिला रतलाम की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में हुई इस बैठक में नव-नियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय, संगठनात्मक कार्य योजना, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा संगठन को अधिक सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप यादव ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों से संगठन के दायित्वों पर गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं रणनीतिगत कार्य योजना बनाकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाजपा जुबिन जैन, प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा (शासन योजना प्रभारी) आशीष सोनी,पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा नंदकिशोर मावर,महामंत्री चेतन टाक एवं सुरेश गुर्जर मंचासीन रहे । बैठक का संचालन महामंत्री चेतन टाक ने किया । आभार रवि पवार ने व्यक्त किया।

तलाक से पहले दूसरी शादी, कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

रतलाम। सोशल मीडिया से शुरू हुई एक प्रेम कहानी अब अदालत तक पहुंचकर कानूनी और नैतिक सवालों का बड़ा मामला बन गई है। राजस्व कॉलोनी निवासी आकाश जाट की पत्नी साक्षी नकुम पर आरोप है कि उसने कानूनी रूप से तलाक लिए बिना ही दूसरी शादी कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने आरोपी पत्नी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है।

मामले के अनुसार आकाश जाट और साक्षी नकुम की मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी। करीब छह महीने तक चली दोस्ती प्यार में बदली और दोनों ने 20 नवंबर 2022 को इंदौर स्थित आर्य समाज मंदिर में विवाह कर लिया। शुरुआती पारिवारिक विरोध के बाद दोनों परिवार राजी हुए और 13 दिसंबर 2022 को रतलाम में पूरे रीति-रिवाजों के साथ दोबारा विवाह संपन्न हुआ। लेकिन शादी के महज चार महीने बाद इस रिश्ते की दिशा बदल गई। 10 अप्रैल 2023 को गुजरात के वडोदरा में जांच के दौरान आकाश को सांस नली का कैंसर होने की पुष्टि हुई। आकाश का आरोप है कि गंभीर बीमारी का पता चलते ही पत्नी का व्यवहार बदला और उसने दूरी बना ली। आकाश के अनुसार साक्षी ने फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर कर दी। इसी बीच, जबकि तलाक का मामला अदालत में विचाराधीन था। 10 जून 2024 को साक्षी ने छतरपुर निवासी एक युवक से दूसरी शादी कर ली। आकाश को दूसरी शादी की जानकारी मिली तो उसने साक्ष्य जुटाकर अदालत का दरवाजा खटखटाया। 18 अप्रैल को फैमिली कोर्ट ने साक्षी की तलाक याचिका पूरी तरह खारिज कर दी।

प्रसव के दौरान नवजात के बाद मां की भी मौत

रतलाम। जिले के शिवगढ़ क्षेत्र के तलाईखेड़ा गांव में एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। प्रसव के दौरान पहले नवजात शिशु की मौत हो गई और कुछ ही घंटों बाद जच्चा ने भी दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ से मिली सूचना के आधार पर 18 जुलाई को धारा 194 बीएनएसएस के तहत दो अलग-अलग मर्ग दर्ज किए गए । पहले मामले में कालुसिंह पिता पुना मईड़ा (25), निवासी ग्राम तलाईखेड़ा, थाना बाजना के नवजात पुत्र की प्रसव के दौरान मृत्यु हो गई। इसके बाद दूसरे मामले में उसकी 19 वर्षीय पत्नी रवीना की भी नवजात को जन्म देने के बाद प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण मौत हो गई।

एक ही परिवार में कुछ घंटों के अंतराल में मां और नवजात की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में किलकारी गूंजने की उम्मीद थी, वहां मातम पसरा हुआ है। दोनों मामलों की जांच शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक रणजीतसिंह मकवाना कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों की जांच की जा रही है तथा आवश्यक चिकित्सकीय और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

खरपतवार नाशक पीने से किसान की मौत

रतलाम। औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत गोपालपुरा गांव में खरपतवार नाशक दवा पीने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 4:30 बजे गोपालपुरा स्थित मृतक के घर से उन्हें मेडिकल कॉलेज रतलाम लाया गया था, जहां उपचार के दौरान 62 वर्षीय रायसिंह पिता नरसिंह खराड़ी निवासी ग्राम गोपालपुरा की मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर रात 8:30 बजे धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम किया गया।

49 हजार रुपये से अधिक के जैविक उत्पाद बिके

रतलाम। जिले में रविवार को आयोजित जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार में किसानों द्वारा लाए गए जैविक उत्पादों को उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक खरीदा। हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए पांच जैविक किसानों ने अपने उत्पादों का विक्रय किया, जिससे कुल 49 हजार 210 रुपये से अधिक का ारोबार हुआ। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु ने जैविक अनाज, दालें, सब्जियां, फल, एवं मूंगफली का 20 हजार 800 रुपये का विक्रय किया। वहीं सादाखेड़ी के दिलीप धाकड़ ने शहद का 6 हजार 370 रुपये, करिया के दिलीप पाटीदार ने देसी घी का 20 हजार रुपये, रतलाम के प्रवीण पटेल ने 1 हजार 240 रुपये तथा तेजराम सांकला ने जैविक सब्जियों का 8 सौ रुपये का विक्रय किया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार का उद्देश्य किसानों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण एवं रसायनमुक्त खाद्य सामग्री पहुंचाना है।

171 श्रद्धालुओं ने की सामूहिक सामायिक और जाप

जावरा। गुरु कस्तूर मुनी पावन धाम तीर्थ पर प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले सामूहिक सामायिक दिवस में श्रद्धालुओं की आस्था लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार को आयोजित नौवें सामूहिक सामायिक कार्यक्रम में 171 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लेकर सामायिक, जाप एवं धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से आत्मकल्याण का लाभ प्राप्त किया। यह आयोजन जैन दिवाकर श्री चौथमलजी महाराज साहब के आशीर्वाद तथा उपाध्याय भगवंत डॉ. गौतम मुनि महाराज की पावन प्रेरणा से प्रत्येक रविवार आयोजित किया जा रहा है। जाप प्रभारी सुभाष टुकड़िया, नितिन कोलन एवं राकेश कोचट्टा ने बताया कि सामूहिक सामायिक के दौरान श्रद्धालुओं ने महामंत्र नवकार, भक्ताम्बर स्तोत्र, जैन दिवाकर चालीसा, चौबीसी स्तुति तथा जैन दिवाकर एवं गुरु कस्तूर मुनि जी का सामूहिक जाप किया। पावन धाम के अध्यक्ष राकेश मेहता, महामंत्री सुजानमल कोचट्टा एवं कोषाध्यक्ष पारस गादिया ने बताया कि पूज्य उपाध्याय डॉ. गौतम मुनि महाराज की प्रेरणा से गुरु कस्तूर मुनी पावन धाम को सेवा तीर्थ के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। इसी उद्देश्य के तहत धाम के द्वितीय चरण के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया जा चुका है। कार्यक्रम के पश्चात नवकारसी का लाभ स्वर्गीय मिश्रीबाई बसंतीलाल लोढ़ा की पुण्य स्मृति में सुशील कुमार, आलोक कुमार एवं वंश लोढ़ा परिवार (नामली) द्वारा लिया गया। संचालन सुभाष टुकड़िया ने किया।

स्कूल और मदरसा में लायंस टीम ने 75 पौधे रोपे

नव भारत न्यूज

रतलाम। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 32 33 जी- 1 की रीजन चेयरपर्सन रीजन 3 एमजेएफ यास्मीन शेरानी द्वारा शनिवार को वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसी के तहत शेरनिया मदरसा एवं हायर सेकेंडरी स्कूल महू नीमच रोड रतलाम में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर 75 पौधे लायंस टीम द्वारा रोपे गए। पौधारोपण कार्यक्रम में झोन चेयरपर्सन अनीता झालीवाल, जॉन चेयर पर्सन एमके जैन, जॉन चेयरपर्सन कुलदीप द्विवेदी, रीजन सचिव एहतेशाम अंसारी, वरिष्ठ एमजेएफ डॉक्टर सुलोचना शर्मा, एमजेएफ वीना छाजेड़,समर्पण क्लब अध्यक्ष छवि नीलिमा, कुसुम चाहर सचिव , अभिया क्लब अध्यक्ष सुषमा दवे, डीसी मो बिना गोरी, श्वेता विनचुरकर अर्चना अग्रवाल, विनीता नागोरिया , गोपाल जोशी संस्था सदस्य मोलाना सोहेल,आरिफ खान, इकरार चौधरी, शाकिर खान उपस्थित रहे।

ऑटो, बस और मैजिक बने नशामुक्ति के दूत, पुलिस की अनूठी पहल

रतलाम। नशे के खिलाफ चल रहे 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान को अब शहर की सड़कों का भी साथ मिल गया है। रतलाम पुलिस ने शनिवार को रेलवे स्टेशन और दिलबहार चौराहा क्षेत्र में ऑटो, मैजिक, यात्री बसों और स्कूल बसों को नशामुक्ति का संदेशवाहक बनाते हुए उन पर जागरूकता पोस्टर लगाए। इसके साथ ही वाहन रैली निकालकर आमजन को नशे के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया गया।

पुलिस उपमहानिरीक्षक रतलाम रेंज निमिष अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य रोजाना सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने वाले हजारों लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाना रहा। अधिकारियों ने कहा कि इन वाहनों पर लगे संदेश लोगों को सफर के दौरान भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के दौरान ऑटो, मैजिक, यात्री बस और स्कूल बस चालकों के साथ यात्रियों एवं आम नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति का जीवन नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के भविष्य को प्रभावित करता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। दिलबहार चौराहे से जनजागरूकता वाहन रैली निकाली। पोस्टरों से सजे वाहनों ने शहर में भ्रमण कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया और नशे के खिलाफ सामाजिक भागीदारी का संदेश दिया। रतलाम पुलिस ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में भी पोस्टर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश पंद्रो, नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया, डीएसपी यातायात आनंद स्वरूप सोनी, डीएसपी पार्वती गौड़, रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, थाना प्रभारी यातायात राजशेखर वर्मा, थाना प्रभारी स्टेशन रोड निरीक्षक जितेंद्र सिंह जादौन, यातायात सूबेदार अनोखीलाल परमार सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर में युवाओं ने 138 यूनिट से अधिक किया रक्तदान

नव भारत न्यूज

रतलाम। समता युवा संघ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर 138 से अधिक यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम में संघ के गौरव, साधुमार्गी जैन संघ रतलाम के अध्यक्ष विनोद मेहता पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन प्रितेश गादिया संचालक सदस्य हेमन्त मूणतके नेतृत्व मे हुआ।

शिविर को सफल बनाने में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला रतलाम एवं जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के डॉ. सी.पी. राठौर, कमलेश यादव, सुरपाल चारेल, हिम्मत सिंह चौहान, संतोष सक्सेना, दीपा उज्ज्वल, विकास मीणा, गोवर्धन बघेल, संजय कुलश्रेष्ठ, जितेंद्र मईडा, डॉ. मिताली वर्मा एवं डॉ. लक्ष्मीदीप का विशेष सहयोग रहा।

समता युवा संघ की ओर से अध्यक्ष आशीष छाजेड़, सचिव सुमित मूणत, कोषाध्यक्ष अर्पित बाफना, रक्तदान संयोजक मयंक कटारिया, रक्तदान सह-संयोजक अंकित मूणत एवं समस्त कार्यकारिणी ने आयोजन की व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया। आयोजन में अश्विन मूणत (अश्विन टेलीकॉम), डीसी ज्वेलर्स के विकास कटारिया एवं गौरव कटारिया, अंकित दिनेश जी मूणत, सनद जी कोठारी तथा विवेक कटारिया (लक्ष्मी सुपारी) सहित सभी सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। संघ के उपाध्यक्ष सुशील गोरेचा सह मंत्री विनोद मूणत पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल सेठिया आदि कई संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे । समता युवा संघ ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक टीम एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील की।

अनुपम अनुभूति वर्षावास पर विद्वान महासतीयांजी का भव्य मंगल प्रवेश

नव भारत न्यूज

सैलाना। धर्ममय वातावरण और जयघोषों से गूंज उठा, जब 'अनुपम अनुभूति' वर्षावास के तहत महासती पूज्या अनुपम शीलाजी सहित सात साध्वीवृंद का रविवार सुबह भव्य मंगल प्रवेश हुआ। धामनोद से विहार कर धर्म नगरी सैलाना पहुंची महासतीजी की अगवानी के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।

जिनशासन गौरव, अध्यात्मयोगी , आत्मार्थी,आचार्य भगवंत पूज्य गुरुदेव श्री उमेश मुनिजी 'अणु' के सुशिष्य धर्मदास गणनायक, बुद्ध पुत्र प्रवर्तक पूज्य श्री जिनेंद्र मुनिजी की आज्ञानुवर्तनी पुण्यपुंज पूज्या महासती श्री पुण्यशीला जी की सुशिष्या महासती पूज्या अनुपम शीलाजी आदी ठाणा सात के 'अनुपम अनुभूति' वर्षावास के तहत रविवार सुबह धामनोद से विहार कर धर्म नगरी सैलाना में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।इस अवसर पर श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्री संघ,श्री सुधर्म जैन श्रावक संघ, युवाओं की अग्रणी संस्था अणु मित्र मंडल,अणु बहु मंडल सहित बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने अगवानी कर भगवान महावीर स्वामी,जय गुरु उमेश,जय गुरु जिनेन्द्र के नारों के साथ देवरी चौक स्थित अणु आराधना भवन में प्रवेश करवाया।

इस अवसर पर पूज्या महासती अनुपम शिलाजी महाराज ने प्रतिदिन धर्म आराधना, तेले की लड़ी सहित अन्य तप त्याग की बात कही। आराधना भवन में प्रतिदिन सुबह साढ़े आठ से साढ़े नौ बजे तक नवकार महामंत्र होंगे तथा 27 जुलाई से प्रतिदिन प्रवचन की धर्म आराधना प्रारंभ होगी।

गाली-गलौज और मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी

रतलाम। जिले के रावटी थाना क्षेत्र के माला का टापरा गांव में पारिवारिक विवाद हिंसक झगड़े में बदल गया। छोटे-से विवाद के दौरान गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार शाम करीब 7 बजे फरियादी बहादुर पिता हुरजी चारेल (60) निवासी ग्राम माला का टापरा के घर पर हुई। फरियादी ने आरोप लगाया कि उसके भाई दल्ला पिता हुरजी चारेल ने उसके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर रावटी थाना पुलिस ने प्रकरण क्रमांक 517/2026 दर्ज किया। मामले की जांच प्रधान आरक्षक आतिश धानक कर रहे हैं। पुलिस घटना के कारणों और दोनों पक्षों के विवाद की पृष्ठभूमि की जांच में जुटी है।

विरोधियों पर जमकर बरसे वक्फ बोर्ड चेयरमैन सनवर पटेल

- पटेल बोले : कानून सबके लिए समान, उसका सम्मान होना चाहिए

जावरा। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सनवर पटेल रविवार को विश्वप्रसिद्ध हुसैन टेकरी पहुंचे, जहां उन्होंने अब्बास आलमदार के नवनिर्मित रोजे पर जरी मुबारक रखकर प्रदेश एवं देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार, करोड़ों रुपये की लागत से बोहरा समाज के फखरुद्दीन बोहरा परिवार द्वारा अब्बास आलमदार के भव्य रोजे का निर्माण कराया गया है। रोजे पर जरी मुबारक रखने की रस्म वक्फ बोर्ड चेयरमैन सनवर पटेल ने अपने हाथों से अदा की। उन्होंने देश की एकता, भाईचारे और प्रदेश की खुशहाली के लिए विशेष दुआ भी की।

हुसैन टेकरी पहुंचने पर टेकरी प्रशासन की ओर से कार्यपालन अधिकारी अब्दुल हकीम खान, प्रशासक जुर्लूरहमन, कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सनवर पटेल का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड की नवनियुक्त सदस्य एवं रतलाम नगर निगम पार्षद शबाना खान का भी सम्मान किया गया।

पहली बार वक्फ बोर्ड में दो हिन्दू समाजजन हुए शामिल : सभा को संबोधित करते हुए सनवर पटेल ने वक्फ बोर्ड के कार्यों और वर्तमान व्यवस्था पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों और नियमों के अनुरूप ही वक्फ बोर्ड में सभी कार्य पारदर्शिता के साथ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड में पहली बार दो हिंदू समाज के प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है, जो समावेशी सोच और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की भावना का प्रतीक है।

विरोधियों पर साधा जमकर निशाना : उन्होंने अपने विरोधियों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग बिना तथ्यों के भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वक्फ बोर्ड पूरी पारदर्शिता के साथ कानून के दायरे में रहकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता सच्चाई को समझती है और विकास तथा पारदर्शिता की राजनीति का समर्थन करती है।

एक नजर में | मंदिर निर्माण समिति ने दी शुभकामनाएं, पटेल कॉलोनी बड़ा बगीचा में कार्यक्रम आयोजित

तहसीलदार दानगड़ का सम्मान कर दी विदाई

नव भारत न्यूज

जावरा। पिपलौदा तहसीलदार देवेंद्र दानगड़ के बाजना स्थानांतरण पर पटेल कॉलोनी बड़ा बगीचा स्थित मंदिर निर्माण समिति द्वारा सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया।

समिति के सदस्यों ने श्री दानगड़ का शाल, श्रीफल, साफा एवं भगवान श्रीराम का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

समिति के सदस्यों ने कहा कि दानगड़ ने अपने कार्यकाल में प्रशासनिक दायित्वों का ईमानदारी, निष्पक्षता एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए आमजन का विश्वास अर्जित किया। साथ ही सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में भी उनका सहयोग सदैव सराहनीय रहा। समिति ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दीं।

इन्होंने किया सम्मान

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजपालसिंह डोडिया, जगदीश सोलंकी, शिवराजसिंह तोमर, कलमसिंह सिसोदिया, दुर्गासिंह डोडिया, हिम्मत सिंह डोडिया, इंदरसिंह भयडिया, मनोहर मुजाल्दे, अशोक मुजाल्दे, बिंदुसिंह अलावा, गिर्राज भट्ट, सुमित चौरसिया, केवलसिंह राठौर, पूनमसिंह अचाले, राजाराम शिंदे, सरदार सिंह बघेल, मनोहर सैनी एवं हर्ष सिंह तोमर सहित मंदिर निर्माण समिति के सदस्य एवं कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।